# नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक ने लातेहार में चल रही योजनाओं की समीक्षा की

## योजनाओं में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं: प्रियदर्शी

**नगर विकास विभाग की टीम ने योजनाओं का किया निरीक्षण**



जॉब कार्ड वितरित करते अधिकारी.

**लातेहार.** नगर विकास व आवास विभाग के सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में नगर विकास विभाग की एक टीम नगर पंचायत लातेहार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीवक मिशन समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया. टीम में अनंतदेव कुमार, मुकेश झा व फिरोज आलम शामिल थे. निरीक्षण में श्री प्रियदर्शी ने दो टूक कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी. निरीक्षण में उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के बहेराटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया. उन्होंने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत मिलने वाले लाभों से श्रमिकों को अवगत कराया. श्री प्रियदर्शी ने शहर के फुटपाथ विक्रेताओं से भी मुलाकात कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़ कर लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने बैंकों से समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित करने व इस योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. श्री प्रियदर्शी ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उन्हें बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया. ... शहर के रेलवे स्टे... निरीक्षण किया अ... दिये. मौके पर नग... दांगी के अलावा सि... आदि उपस्थित थे

## सहा. निदेशक ने योजनाओं का किया निरीक्षण



लातेहार | नगर विकास एवं आवास विभाग के सहायक निदेशक शैलेश प्रिदर्शी मंगलवार को लातेहार पहुंचे। लातेहार शहरी क्षेत्र में नगर पंचायत विभाग से क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीवक मिशन समेत अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान कई विकास योजनाओं का क्रमवार रूप से निरीक्षण करते हुए उसमें हुए त्रुटियों को दूर करने, जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने समेत कई निर्देश दिए। मौके पर नगर विकास विभाग के अंत्योदत कुमार, मुकेश झा व फिरोज आलम, लातेहार की सिटी मैनेजर ज्यालक्ष्मी भगत, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कुमार, डॉ. आनंद किशोर दांगी, तकनीकी विशेषज्ञ, सामुदायिक संगठन, पीएमसी समेत कई कर्मी मौजूद थे।